F.No.- CSU-LKO/2022-2023/ Admission/ 719

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर,
विशाल खंड-4, गोमती नगर लखनऊ
Email- ksvvlucknowcampus@gmail.com
Website: - http://www.csu-lucknow.edu.in

**प्रथम चक्र** प्रवेश – **अधिसूचना**

**CUET-UG** [शास्त्री / शास्त्री प्रतिष्ठा (प्रथम वर्ष)]

दिनांक -06.10.2022

इस परिसर मे शास्त्री / शास्त्री प्रतिष्ठा (प्रथम वर्ष) में प्रवेश हेतु इच्छुक वे अभ्यर्थी दिनांक 06.10.2022 से 15.10.2022 तक मुख्यालय द्वारा निर्गत अधिसूचना (संलग्न) मे दिए गए निर्देशों के अनुरूप आवेदन भरकर **admissionksvvlc@gmail.com** पर आवश्यक प्रपत्रों की छायाप्रतियों के साथ प्रेषित करें। यह **id** उन अभ्यर्थियों के लिए है, जो ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश लेना चाहते हैं। जो अभ्यर्थी ऑफलाइन माध्यम से प्रवेश लेना चाहते हैं, वे परिसर मे आकर कक्ष संख्या 4 मे प्रवेश समिति के समक्ष अपने मूल प्रपत्रों को प्रस्तुत करें, जिससे उनके प्रवेश के संबंध मे समिति अपना निर्णय ले सके।

ध्यातव्य है कि ऑफलाइन/ ऑनलाइन दोनों माध्यमों से प्रवेश हेतु समय पूर्वाहन 11 बजे से मध्यान्ह 1 बजे तक निर्धारित किया गया है।

प्रवेश के संबंध मे किसी भी प्रकार की कठिनाई के निवारण हेतु निम्नांकित प्राध्यापकों से संपर्क किया जा सकता है :-

1. प्रो. धनीन्द्र कुमार झा (मो. 7005878586, 9450501036)
2. डॉ. गुरुचरण सिंह नेगी (मो. 9936253373)
3. श्री जगन्नाथ झा (मो. 9918966693, 9161436780)

आवेदन फॉर्म भरते समय तकनीकी सहायता की आवश्यकता होने पर श्री मुकुल कुमार मिश्र (मो. 7408683472) से संपर्क करें।

(प्रो. सर्वनारायण झा)
निदेशक

8-1/के.सं.वि./शैक्ष./2022/प्रवेश/521

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**

**जनकपुरी, नई दिल्ली-110058**

दिनांक : 04.10.2022

**शास्त्री प्रथम वर्ष 2022-23 प्रवेश हेतु अधिसूचना**

शास्त्री प्रवेश परीक्षा-2022 (CUET) में उत्तीर्ण एवं परामर्श हेतु समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत छात्रों का परामर्श (Counselling) दिनांक 06.10.2022 से परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। परामर्श के पश्चात् छात्रों को निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त अस्थायी प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश परामर्श (Counselling) हेतु निर्धारित तिथि में भौतिक रूप से/ऑनलाईन उपस्थित नहीं होने, निर्धारित शुल्क जमा न कराने अथवा आवश्यक दस्तावेज इत्यादि प्रस्तुत नहीं करने पर प्रवेश दिया जाना सम्भव नहीं होगा और प्रवेश की पात्रता स्वतः निरस्त हो जायगी।

प्रवेश समिति दिनांक 06.10.2022 से प्रतिदिन प्रविष्ट छात्रों की सूची email : admission-support@csu.co.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित करे, जिससे छात्रों को शुल्क जमा करने की स्वीकृति प्रदान की जा सके।

**आवश्यक प्रमाणपत्र-**

1. शास्त्री प्रवेश परीक्षा (CUET) के का प्रवेश परिणाम एवं समर्थ पोर्टल पर परामर्श हेतु पंजीकरण का प्रपत्र।
2. छात्रों को www.abc.gov.in लिंक पर जाकर पंजीकरण करना आवश्यक है। पंजीकरण के उपरान्त पंजीकरण की प्रतिलिपि प्रवेश समिति को प्रस्तुत करनी होगी।
3. जन्मतिथि के प्रमाण के लिये मैट्रिक/सेकेण्डरी/समकक्ष परीक्षा का प्रमाणपत्र तथा अंकतालिका।
4. प्राक्शास्त्री/उत्तरमध्यमा/उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका।
5. यदि आप अनुसूचित जाति (SC) /अनुसूचित जनजाति (ST)/अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)/आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) से सम्बन्धित हैं तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र।
6. दिव्यांग होने की स्थिति में चिकित्सक द्वारा प्रदत्त कम से कम 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।
7. यदि आप क्रीडा एवं युद्ध आहत से सम्बन्धित हैं तो सम्बद्ध प्रमाणपत्र।
8. प्रव्रजन प्रमाणपत्र (Migration Certificate)
9. स्थानान्तरण प्रमाणपत्र (यदि हो) एवं चरित्र प्रमाणपत्र। (Transfer Certificate (If available) & Character Certificate)
10. रैगिंग के विरोध विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शपथ पत्र । पंजीकरण हेतु लिंक (www.antiragging.in/affidavit_university_form.php)
11. अर्ह प्रवेशार्थी अधोलिखित लिंक पर जाकर प्रवेश एवं शुल्क हेतु आवेदन कर सकते हैं - www.sanskritcuet.samarth.edu.in

**आवश्यक सूचनाएँ-**

- ○ सम्बन्धित परिसरों द्वारा निर्मित स्थानीय प्रवेश समिति के समक्ष पात्रता सिद्ध होने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।
- ○ प्रवेश निर्धारित तिथियों में ही दिया जाएगा।
- ○ आपके द्वारा आनॅलाइन आवेदनपत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही आपको परामर्श (Counselling)/प्रवेश के लिए सूचना दी गई है। आपके द्वारा दी गई जानकारी वास्तविक जाँच में यदि असत्य पायी गयी तो आपको प्रवेश योग्य नहीं माना जाएगा। इसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। प्रवेश के संबंध में स्थानीय प्रवेश समिति का निर्णय मान्य होगा।
- ○ जो परिसर परामर्श (Counselling)/प्रवेश के लिये आवंटित किया गया है, उसी परिसर में आपको प्रवेश दिया जा सकता है।
- ○ प्रवेश समाप्त होने के पश्चात् विश्वविद्यालय के परिसरों में स्थान रिक्त होने पर प्रवेशार्थियों की सूची में से शेष प्रवेशार्थियों को नियमानुसार प्रवेश दिया जायेगा। उक्त सन्दर्भ में सूचना तत्समय विश्वविद्यालय की वेबसाइट (sanskrit.nic.in) पर देखी जा सकती है।
- ○ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अतिरिक्त प्रवेश सम्बन्धी सूचना पोस्ट या अन्य माध्यम से नहीं भेजी जाएगी।
- ○ सम्बन्धित प्रवेशार्थियों को भौतिक उपस्थिति या ऑनलाईन के माध्यम से आबंटित परिसर में परामर्श (Counselling) की सुविधा दी गई है। आबंटित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित प्रवेशार्थियों के दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर ही स्थायी प्रवेश एवं ऑन-लाईन के माध्यम से दस्तावेजों के सफल सत्यापन कराने वाले प्रवेशार्थियों को स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर अस्थायी प्रवेश दिया जायेगा।
- ○ परामर्श (Counselling) हेतु आबंटित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित प्रवेशार्थियों को दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् प्रवेश शुल्क समर्थ पोर्टल माध्यम से जमा करवाना अनिवार्य होगा तथा शुल्क प्राप्त होने पर ही प्रवेश मान्य होगा अन्यथा प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा।
- ○ ऑनलाईन के माध्यम से दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् अस्थायी प्रवेश प्राप्त प्रवेशार्थियों का प्रवेश तभी स्थायी माना जायेगा, जब सम्बन्धित प्रवेशार्थी भौतिक रूप से आबंटित परिसर में समस्त मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर सत्यापन करायेंगे।
- ○ परामर्श (Counselling)/प्रवेश दिनांक 06-10-2022 प्रातः 10:30 बजे से 15.10.2022 सायं 05:00 बजे तक लिया जाएगा।

यह अधिसूचना सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से निर्गत की गई है।

04/10/22

(डा. देवानन्द शुक्ल)
उपनिदेशक (शै.)